पंजाब केसरी

नकली दूध और घी बनाने वाले शातिर गैंग का पर्दाफाश, व्यक्ति गिरफ्तार

फगवाड़ा (जलोटा): जिला कपूरथला के एस.एस.पी. वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस ने नकली दूध और घी बनाने वाले शातिर गैंग का पर्दाफाश कर एक आरोपी को नकली दूध और घी बनाने में प्रयोग होने वाली सामग्री सहित गिरफ्तार करने की सूचना मिली है। एस.पी. फगवाड़ा रुपिंदर कौर भट्टी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने नकली खाद्य सामग्री तैयार करने वाले हनीफ उर्फ रफी पुत्र उमरदीन वासी खरल कलां थाना भोगपुर जिला जालंधर देहाती को गिरफ्तार कर इसके हवाले से 60 पैकेट रिफाइंड मार्का महाकोश, 6 पैकेट सूखा दूध मार्का हेल्थहार्ड, 25 सप्रे ड्राइड पाउडर मार्का मुरली और एक कैन क्रीम का बरामद किया है।

एस.पी. भट्टी ने बताया कि नकली खाद्य सामग्री बनाने में आरोपी हनीफ उर्फ रफी के साथ इसके दो और साथी जिनकी पहचान गुर्जर बलाल पुत्र फतेह मोहम्मद और इमाम हुसैन पुत्र फतेह मोहम्मद वासी गांव पांशटा थाना रावलपिंडी जिला कपूरथला भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना रावलपिंडी में धारा 420, 270 व 7 ई.सी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस सारे मामले की जानकारी फूड इंस्पेक्टर प्रभजोत कौर को भी दे दी गई है। पुलिस मामले में शामिल आरोपी गुर्जर बलाल और इमाम हुसैन को जल्द गिरफ्तार करेगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी हनीफ उर्फ रफी को अदालत में पेश कर इसका पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। पुलिस द्वारा आरोपी हनीफ उर्फ रफी से पूछताछ का दौर जारी है। एस.पी भट्टी ने कहा कि मामले में अभी और सनसनीखेज खुलासे हो सकते हैं।

Source: https://punjab.punjabkesari.in/punjab/news/gang-making-fake-milk-and-ghee-busted-1968737